साहेबगंज जिला अन्तर्गत बरहेट प्रखण्ड के सफल कृषक की कहानी उनकी जुवानी

परिचयः–

नाम	:	रमेश चन्द्र रविदास
पिता	:	स्व0 शंभु राविदास
ग्राम	:	डुमरिया
पंचायत	:	खेरवा
प्रखण्ड	:	बरहेट
मुख्य पेशा	:	फूल की खेती करना एवं बागवानी करना

साहेबगंज जिला मुख्यालय से साठ (60) किलो मीटर दुर अवस्थित बरहेट प्रखण्ड के अंतर्गत खेरवा पंचायत के ग्राम डुमरिया का मैं एक प्रगतिशील किसान हूँ। मैं मौसमी एवं बेमौसमी फूल तथा सब्जि की खेती आधुनिक तरीके से करता हूँ। मेरे पास तीन एकड़ जमीन है। मैं सालो भर गेंदा और रजनी गंधा की खेती करता हूँ। मेरे जैसा पूरे प्रखण्ड में फुल का खेती कोई भी कृषक नहीं करते है। फूल की खेती कर मैं अपना जिवीकोपार्जन बड़ी ही अच्छी तरह से कर रहा हूँ। मेरे प्रखण्ड अंतर्गत ही बाबा शिवगादी स्थित है जो मिनी बाबा धाम के नाम से पुरे झारखण्ड में प्रचलित है। मेरे द्वारा उपजाये हुए फूल ही यहाँ पहुँचने वाले भक्त गण खरीद कर चढ़ाते है। जिन्हें बेच कर दुकानदार भी अपनी रोजी–रोटी चलाते है। 'आत्मा' साहेबगंज से जुड़कर मुझे वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने का तकनिकी जानकारियाँ प्राप्त हुई है। जिन्हें अपना कर मैं अल्प समय में ही काफी अच्छी फूल की खेती कर रहा हूँ। मुझे 'आत्मा' साहेबगंज की ओर से बाहर प्रशिक्षण लेने के लिए भेजा गया है। मैं सब्जी में बैगन, टमाटर, आलू, प्याज, धनिया पत्ता, सेम कद्दू का भी सालों भर खेती करता हूँ। मैं खरीफ में धान, मक्का, मुंग, अरहर का खेती भी वैज्ञानिक और नवीनतम तकनिकों से कर रहा हूँ। रब्बी में गेहूँ, सरसो, चना, मसूर, तिसी का भी खेती कर रहा हूँ। तथा गरमा में मुंग की खेती कर रहा हूँ। मै। 'आत्मा' साहेबगंज से जुड़ कर बड़ा ही खुशनशीब महसुस कर रहा हूँ। 'आत्मा' जैसे विभाग को बना कर और साहेबगंज जैसे पिछड़े जिले में इसे स्थापित कर हम जैसे कृषकों की समस्याओं को दुर करने का बड़ा ही सराहनीय प्रयास किया गया है। 'आत्मा' साहेबगंज आने पर मुझे नित्य नई–नई तकनिकों के बारे में जानकारियाँ मिलती है। जिसे मैं अपने प्रखण्ड अंतर्गत फूल की खेती करने वाले कृषकों को जानकारियाँ देता रहता हूँ। तथा 'आत्मा' से जुड़ने के लिए उन्हें उत्साहित करता हुँ। मैं आज काफी अच्छे तरीके से अपने परिवारों का भरण पोषण कर रहा हूँ। मैं 'आत्मा' के परियोजना निदेशक के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

धन्यवाद,